an>

Title: Need to expedite setting up of Passport Seva Kendra at Udaipur, Rajasthan.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र उदयपुर राजस्थान में 03 फरवरी, 2016 को विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोलने की स्वीकृति प्रदान की थी, इस हेतु विभिन्न स्तर पर कार्यवाही चल रही है, परन्तु कुछ सरकारी अधिकारियों की उदासीनता के कारण अभी तक प्रशासनिक व औपचारिक आदेश जारी नहीं हो सके हैं। उदयपुर नगर निगम द्वारा विदेश मंत्रालय को पासपोर्ट सेवा केन्द्र हेतु सौंपे गए भवन को पासपोर्ट सेवा केन्द्र के अनुकूल ही तैयार कर दिया गया है। अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि अतिशीघ्र प्रशासनिक व औपचारिक आदेश जारी करायें तथा एक तकनीकी टीम उदयपुर भेजकर शीघ्र ही पासपोर्ट सेवा केन्द्र शुरू करायें ताकि उदयपुर संभाग की आम जनता को अपने पासपोर्ट बनवाने की सुविधा जल्दी और सुलभ मिल सके।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री चांद नाथ - अनुपस्थित।